# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

# आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 19 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ए आई शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मेलन का भारत में होना, भारत के साथ ही पूरे ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है।
श्री मोदी ने कहा कि सम्मेलन में दुनिया के सौ से ज्यादा देशों की भागीदारी और दुनिया के कोने-कोने से आए महानुभाव इसकी सफलता को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। इसमें युवा पीढ़ी की उपस्थिति नया विश्वास पैदा करती है।
आज कल्पना करना मुश्किल है कि आने वाले समय इस क्षेत्र में किस तरह की नौकरी पैदा होगी। एआई का भविष्य पहले से परिभाषित नहीं है। यह हमारे निर्णय पर, हमारे कोर्स ऑफ एक्शन पर निर्भर होगा।

*********************************************************************

गूगल ने इंडिया एआई शिखर सम्मेलन में घोषणा की है कि वह पांच वर्षों में 15 अरब डॉलर के निवेश से समुद्र के अंदर नए केबल मार्ग के माध्यम से भारत को अमरीका से जोड़ेगा। कंपनी ने इस अवसंरचना पहल को अमरीका–इंडिया कनेक्ट का नाम दिया है। इस पहल के माध्यम से विशाखापट्टणम में समुद्र के अंदर एक नया अंतरराष्ट्रीय गेटवे स्थापित किया जाएगा। कंपनी ने यह भी बताया कि भारत को सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से जोड़ने के लिए समुद्र के अंदर तीन नए मार्ग और चार रणनीतिक फाइबर-ऑप्टिक मार्ग स्थापित किए जाएंगे।
नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने कहा कि यह पहल भारत, अमरीका और दक्षिणी गोलार्ध के कई स्थानों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए समुद्र के अंदर नए केबल मार्ग उपलब्ध कराएगी।

*********************************************************************

हरियाणा विधान सभा के कल शुरू हो रहे बजट सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि उन्होंने इस सिलसिले में कल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।

इससे पूर्व उन्होंने प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के आवास पर पहुंच बजट सत्र में उद्घाटन अभिभाषण बारे औपचारिक बात की उन्होंने बताया कि अभिभाषण उपरान्त राज्यपाल के साथ सभी सदस्यों की स्वागत द्वार पर सामूहिक फोटो भी होगी। उन्होंने कहा कि आज भी बैठको का दौर जारी है। कार्य सलाहकार समिति की बैठक के बाद शाम को समिति सभापतियों के साथ बैठकें होंगी।

*********************************************************************

हरियाणा सरकार ने नवगठित हांसी जिले में सभी जरूरी पद सृजित करने की कवायद शुरू कर दी है। नए जिले की प्रशासनिक संरचना को मजबूत करने हेतु समूह क, ख, ग और घ श्रेणियों के अंतर्गत आवश्यक पदों का सृजन किया जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों को जारी पत्र में सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन पदों की आवश्यकता का आकलन करें और प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करें। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि सभी जरूरी पद निर्धारित समय-सीमा के भीतर सृजित किए जाएं। इस संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट यथाशीघ्र मानव संसाधन विभाग को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

*************************************************************************

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की रोहतक शाखा ने कल हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कार्यरत सहायक पर्यावरण अभियंता मंजीत को 1 लाख 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी झज्जर के गांव खखाना का निवासी है।
आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ब्यूरो के निदेशक डॉ. ए.एस. चावला ने बताया कि उसे दिल्ली निवासी सतीश अग्रवाल की शिकायत पर काबू किया गया।आरोपी ने सतीश की रोहतक के चुलियाना स्थित कंपनी के वर्ष 2026-27 के लिए “कन्सेंट टू ऑपरेट” प्रमाण पत्र के लिए रिश्वत की मांग की थी।

श्री चावला ने कहा कि भ्रष्टाचारी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा और नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो तुरंत इसकी सूचना हरियाणा भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो को दें ।
*************************************************************************